श्याम तुम्हारे खाते में

श्याम तुम्हारे खाते में,नाम हमारा लिख लेना,
चरण चाकरी दे देना,अपनी शरण मैं ले लेना,
श्याम तुम्हारे खाते में,नाम हमारा लिख़ लेना,
मेरे श्याम मेरे श्याम ......

ना जानें सेवा और पूजा, ना भक्ति ना भाव प्रभु,
तेरी ही किरपा से हमको, तुमसें हुआ है लगाव प्रभु,
धन्यवाद तुम्हें किया याद हमें, फ़रियाद ये मेरी सुन लेना,
श्याम तुम्हारे खाते में, नाम हमारा लिख़ लेना,
मेरे श्याम मेरे श्याम

जाने वो कैसे लोग थे जिनकों चरणोँ में स्थान मिला,
कैसे कैसे भगत थे जिनसे, ख़ुद आकर के श्री श्याम मिला,
मान में है ललक, दिखला के झलक,
एक बार हमें दर्शन देना,
श्याम तुम्हारे खाते में, नाम हमारा लिख़ लेना,
मेरे श्याम मेरे श्याम

तुम पर ज़ोर नहीं कोई मेरा, हम पर जोर तुम्हारा है,
जीवन डोरी हाथ है तेरे, तू ही नचावण वाला है,
करो ऐसी मैहर, जपूँ आठों पहर,
श्री श्याम दया बस कर देना,
श्याम तुम्हारे खाते में, नाम हमारा लिख़ लेना,
मेरे श्याम मेरे श्याम

बिन्नु ने अरज़ी ये लिख दी, इस पर श्याम विचार करो,
हम सब गुण गाएं प्रभु तेरा, हमको ना इंकार करो,
दातार है तूँ दिलदार है तू, स्वीकार ये विनती कर लेना,
श्याम तुम्हारे खाते में, नाम हमारा लिख़ लेना,
मेरे श्याम मेरे श्याम

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19526/title/shyam-tumhare-khate-me-naam-hamara-likh-dena

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |